Under CSR Support by Ipca Foundation missiongyan

# अध्याय – 06 | मंगलेश डबराल

## QUIZ-02

1. 'आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ' का क्या आशय है?
   A. स्वर का और तेज होना
   B. स्वर का मंद और लड़खड़ाना
   C. स्वर का पूरी तरह बंद हो जाना
   D. स्वर का मधुर होना (B)

*व्याख्या :* यह पंक्ति स्वर के मंद और कमजोर होने की स्थिति को व्यक्त करती है।

2. मुख्य गायक को ढाढ़स कौन बँधाता है जब उसका गला बैठने लगता है?
   A. गुरु B. शिष्य
   C. संगतकार D. दर्शक (C)

*व्याख्या :* कविता में संगतकार ही मुख्य गायक को सहारा और ढाढ़स देता है।

3. संगतकार का स्वर मुख्य गायक को क्या अहसास कराता है?
   A. वह अकेला नहीं है
   B. उसे मंच छोड़ना चाहिए
   C. वह असफल है
   D. उसे और ऊँचा गाना चाहिए (A)

*व्याख्या :* संगतकार अपने स्वर से गायक को विश्वास दिलाता है कि वह अकेला नहीं है।

4. 'गिर से गाया जा सकता है' का क्या अर्थ है?
   A. कठिन राग नहीं गाया जा सकता
   B. स्वर केवल ऊँचाई पर ही अच्छा लगता है
   C. साधारण स्वर से भी गाना संभव है
   D. गाना अधूरा रह जाता है (C)

*व्याख्या :* पंक्ति का भाव है कि सरल और धीमे स्वरों से भी गायन किया जा सकता है।

5. संगतकार की आवाज़ में क्या विशेषता बताई गई है?
   A. भारी और तेज
   B. हिचक के साथ
   C. बहुत ऊँची
   D. बिल्कुल निडर (B)

*व्याख्या :* कविता में उसकी आवाज़ में हिचक स्पष्ट रूप से सुनाई देने की बात कही गई है।

6. कवि के अनुसार संगतकार की 'हिचक' किसका प्रतीक है?
   A. असफलता का
   B. उसकी मनुष्यता का
   C. उसके अनुभव की कमी का
   D. उसके डर का (B)

*व्याख्या :* कवि ने संगतकार की हिचक को उसकी मानवीयता का प्रतीक माना है।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संगतकार के बारे में सही नहीं है?
   A. वह उत्साहहीन गायक को ढाढ़स देता है
   B. वह कभी-कभी यों ही साथ देता है
   C. उसकी आवाज़ में कभी हिचक नहीं होती
   D. वह मुख्य गायक को कभी अकेला नहीं छोड़ता (C)

*व्याख्या :* उसकी आवाज़ में हिचक होना ही उसकी मानवीय विशेषता मानी गई है।

8. कविता के अनुसार संगतकार का त्याग किसका परिचायक है?
   A. साहस का B. परिश्रम का
   C. मनुष्यता का
   D. कला का (C)

*व्याख्या :* कविता में त्याग को मनुष्यता का परिचायक बताया गया है।

9. 'संगतकार' कविता का केंद्रीय भाव क्या है?
   A. मुख्य गायक का महत्व
   B. सहयोगियों की संवेदनशीलता और सहारा
   C. संगीत की बारीकियाँ
   D. गायक की असफलता (B)

*व्याख्या :* कविता में सहयोगी (संगतकार) की संवेदनशीलता और सहायक भूमिका को केंद्रीय भाव माना गया है।

10. 'गहचक' शब्द का अर्थ क्या है?
   A. असिलता B. संकोच
   C. गरिमा
   D. साहस (B)

*व्याख्या :* कविता में 'गहचक' का अर्थ संकोच बताया गया है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जो चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App